हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 19 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 3.1 डिग्री



12 स्वार्थ सिद्धि योग में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं...



10 प्रशिक्षण में गणित को सरल और प्रभावी ढंग...

## खबर संक्षेप

### 7.22 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल ने कलायत क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 7.22 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी नारकोटिक सेल के एएसआई राजेश की टीम सजुमा रोड कलायत क्षेत्र में गश्त व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव मटौर निवासी राममेहर सजुमा रोड़ कलायत में हेरोइन बेचने के उद्देश्य से खड़ा है।

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नगदी चोरी

**जींद।** गांव गांगोली में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोने व चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गांगोली निवासी रेनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर कमरे का ताला तोड़ कर अंदर घुस गए और वहां से सोने के कड़े, हथफूल, अंगूठी, मंगलसूत्र, पाजेब समेत अन्य गहने तथा 15 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिए।

### संपत्ति में हक मांगने पहुंचे युवक को पीटा

**जींद।** गांव जुलानी में संपत्ति में हक मांगने पहंचे युवक को परिजनों ने हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मां समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव जुलानी हाल चंद्रलोक कालोनी निवासी विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने लगभग डेढ़ साल पहले प्रेम विवाह किया था। परिजनों ने उसे संपत्ति में से हिस्सा नही दिया।

### पशुबाड़े से भैंस व कटड़ी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव लौन में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर एक भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लौन निवासी मीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके पशुबाड़े का ताला तोड़ कर एक भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया।

### गाड़ी के नीचे आने से मजदूर की मौत

**जींद।** गांव भौंगरा के निकट मिक्सर प्लांट मे गाड़ी के नीचे आने से एक मजदूर की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सोखना जिला हाथरस निवासी रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उसके ममेरे भाई गांव सोखना निवासी पियूष गांव भौंगरा मिक्सर प्लांट मे मजदूरी करता था। जबकि वह निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज लोकेशन पर था। गत दिवस प्लांट में गाड़ी को चालक बैक कर रहा था।

---

### सरकारी जमीन पर बिना अनुमति निर्माण का आरोप, भ्रष्टाचार के उठाए गंभीर सवाल

# ब्लाक समिति परिसर में अवैध दुकान विस्तार पर विधायक और एसडीएम आमने-सामने, हंगामा

*दुकानों के निर्माण व विस्तार के मामले ने पकड़ा तूल*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका**

गुहला स्थित ब्लॉक समिति कार्यालय परिसर में दुकानों के निर्माण/विस्तार को लेकर उठा विवाद अब तिथियों, पत्र क्रमांकों और आधिकारिक दस्तावेजों के साथ और गंभीर होता जा रहा है। मामले में एसडीएम की भूमिका, जांच प्रक्रिया, कानून की जानकारी के अभाव और भ्रष्टाचार के आरोप खुलकर सामने आए हैं। यही नहीं, पूरे प्रकरण में विधायक देवेंद्र हंस और एसडीएम के बीच खुली तनातनी भी देखने को मिली।

**नई दुकान नहीं, "लंबाई बढ़ाने" का प्रस्ताव :** इस विवाद की सबसे अहम सच्चाई यह सामने आई है कि ब्लॉक समिति अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा जो रेजुलेशन पास किया गया था, वह नई दुकानों के निर्माण का नहीं, बल्कि पहले से बनी दुकान नंबर 1 से 7 की लंबाई बढ़ाने से संबंधित था। ब्लॉक समिति अध्यक्ष की ओर से पत्र क्रमांक 3964 दिनांक 30-07-2025 के तहत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, गुहला को पिहवा रोड स्थित दुकानों की लंबाई अन्य दुकानों के अनुरूप बढ़ाने के लिए निरीक्षण रिपोर्ट मांगी गई थी। कानून विशेषज्ञों के अनुसार दुकानों की लंबाई बढ़ाना मरम्मत नहीं, बल्कि विस्तार (एक्सटेंशन) की श्रेणी में आता है, जिसके लिए राज्य सरकार या सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति जरूरी होती है। इस मामले में ऐसी कोई अनुमति नहीं ली गई। थाना चीका से पत्र क्रमांक 1203-एसए दिनांक 15-12-2025 के माध्यम से एसडीएम को अवगत कराया गया कि 13-12-2025 को अवैध निर्माण की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्य रुकवाया गया। यह पत्र डायरी नंबर 1210 दिनांक 22-12-2025 को एसडीओ (सी), गुहला कार्यालय में प्राप्त हुआ, जिसमें पुलिस ने स्पष्ट निर्देश मांगे कि निर्माण रोका जाए या नहीं।





**कैथल।** गुहला चीका ब्लॉक समिति परिसर में कथित अवैध दुकान विस्तार का निरीक्षण करते विधायक देवेंद्र हंस व मौके पर निर्माण को लेकर एसडीएम से बात करते हुए विधायक देवेंद्र हंस। फोटो : हरिभूमि

#### एसडीएम के पत्र और विरोधाभासी बयान

एसडीओ (पंचायती राज), गुहला कार्यालय से पत्र क्रमांक 3023 दिनांक 16-12-2025 के तहत संबंधित एजेंसी को स्पष्ट किया गया कि बिना अनुमति स्लैब कास्ट किया गया है, जिसे गंभीर चूक माना गया। पत्र में यह भी चेतावनी दी गई कि स्पष्टीकरण न मिलने पर एजेंसी को डिबार किया जा सकता है और भुगतान रोका जाएगा। इसी दिनांक को एक अन्य आदेश में यह भी लिखा गया कि अधोहस्ताक्षरी की अनुमति के बिना कोई निर्माण कार्य शुरू न किया जाए। इसके बावजूद एसडीएम के सार्वजनिक बयान समय-समय पर बदलते रहे पहले कहा गया कि निर्माण पूरी तरह वैध है। फिर बताया गया कि निर्माण कार्य रुकवाने के आदेश दिए गए हैं। बाद में स्वीकार किया गया कि निर्माण बिना अनुमति के हो रहा है। अंत में यह भी कहा गया कि पंचायत अधिकारी को ही इसकी जानकारी नहीं थी।

#### गाली-गलौज और दबाव की शिकायत

एक अन्य गंभीर शिकायत 14-10-2025, पत्र क्रमांक एसपीएल-1 / एसपीएल -2-6 के तहत दर्ज की गई। इसमें आरोप है कि ब्लॉक समिति अध्यक्ष के पति द्वारा तत्कालीन पंचायत अधिकारी के साथ गाली-गलौज, धमकी और सरकारी कार्य में बाधा डाली गई तथा रेजुलेशन पर जबरन हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाया गया। शिकायत पुलिस को भेजी गई, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

#### एसडीएम पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत के आरोप

इस पूरे मामले में विधायक देवेंद्र हंस ने एसडीएम पर भ्रष्टाचार और मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। विधायक का कहना है कि बार-बार शिकायतों और पत्राचार के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मौके पर विधायक और एसडीएम के बीच तीखी बहस भी हुई। जब पत्रकारों ने विधायक द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर एसडीएम से सवाल किए, तो वे जवाब देने से बचते नजर आए और मौके से हट गए।

**कानून और प्रोटोकॉल पर सवाल**

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जांच अधिकारी होने के बावजूद एसडीएम यह स्पष्ट नहीं कर पाए कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत ब्लॉक समिति परिसर में दुकानों का विस्तार किया जा सकता है या नहीं। आरोप है कि प्रशासनिक प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया और पंचायत अधिकारी को अपने स्तर पर निर्णय लेने की छूट दे दी गई, जबकि तत्कालीन पंचायत अधिकारी पहले ही इस कार्य से इनकार कर चुके थे।

**कानूनी स्थिति स्पष्ट**

हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के अनुसार ब्लॉक समिति या पंचायत सरकारी भूमि का उपयोग निजी लाभ के लिए नहीं कर सकती। मरम्मत और विस्तार अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। विस्तार के लिए राज्य सरकार की अनुमति अनिवार्य है। केवल अध्यक्ष और सदस्यों का रेजुलेशन कानूनी स्वीकृति नहीं माना जा सकता। तिथियों और पत्र क्रमांकों के साथ सामने आए दस्तावेज साफ संकेत देते हैं कि मामला साधारण मरम्मत का नहीं, बल्कि सरकारी भूमि पर अवैध विस्तार का है।

एसडीएम के विरोधाभासी बयान, जांच में ढिलाई और विधायक द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब मांग उठ रही है कि पूरे मामले की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

---

## पूंडरी नगर के सर्वांगीण विकास को लेकर पार्षदों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से की शिष्टाचार भेंट

*क्षेत्र के विकास की मांगों पर मुख्यमंत्री ने दिया पूर्ण आश्वासन*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**

पूंडरी नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी सहित नगर पालिका के अन्य पार्षदों ने शनिवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पूंडरी नगर की प्रमुख समस्याओं, प्रस्तावित विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों से विस्तार से अवगत करवाया। भेंट के दौरान चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी ने कहा कि नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है।



**पूंडरी।** मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट करते हुए पूंडरी पालिका पार्षद।

उन्होंने बताया कि पुंडरी शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना, स्ट्रीट लाइट योजना, सड़क व नालियों के निर्माण, पेयजल व्यवस्था, सीवरेज सुधार तथा पार्कों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। सरकार के सहयोग से शहर का चारों दिशाओं में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि पूंडरी नगर के विकास से जुड़े प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पूर्व मंडी प्रधान पार्षद सतीश हजवाना, वाइस चेयरमैन रामप्रसाद, जितेंद्र, मुल्तान गोलन, हिशम सिंह बुक्कल प्रतिनिधि, साहब सिंह प्रतिनिधि, हिशम सिंह रंगा, विक्की, नसीब सैनी, अनिल गोलन प्रतिनिधि, नीरज प्रतिनिधि, राजकुमार सैनी प्रतिनिधि, रवि कुमार प्रतिनिधि, संदीप सैनी प्रतिनिधि, दीपक उर्फ दिम्पी तथा मनोनीत पार्षद अमित सिंह सैनी भी मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का समय देने और पूंडरी नगर के विकास के प्रति सकारात्मक रुख अपनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

---


## 200 गज का प्लॉट बेचने के नाम पर 15 लाख ठगे, मुकदमा दर्ज

*दबाव में आरोपियों ने 10 लाख रुपये लौटा दिए, बाकी हड़पने का आरोप*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

शहर की चिरंजीव कॉलोनी में 200 गज का प्लॉट बेचने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले में सिटी थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने एक ही प्लॉट को पहले किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया था और बाद में उसी प्लॉट को 25 लाख रुपए में दूसरे व्यक्ति को बेचकर फर्जी रजिस्ट्री भी करवा दी।

सिटी थाना पुलिस को दी गई शिकायत में गांव भाणा निवासी जनकराज ने बताया कि उसने मार्च



2024 में चिरंजीव कॉलोनी में स्थित एक प्लॉट को चिरंजीव कॉलोनी निवासी तिलक राज व दर्शन सिंह से खरीदा था। इस सौदे में पट्टी अफगान निवासी अनिल भी शामिल था। आरोपियों ने उससे प्लॉट बेचने के नाम पर कुल 25 लाख रुपए लिए। बाद में आरोपियों ने उसकी रजिस्ट्री भी करवा दी और कब्जा भी दिला दिया। लेकिन कुछ समय बाद जब वह प्लॉट पर पहुंचा, तो वहां निर्माण कार्य चल रहा था। जब उसने आरोपियों से बातचीत की तो उन्होंने पैसे वापस देने का आश्वासन दिया। बाद में आरोपियों ने 10 लाख रुपए लौटा दिए, लेकिन शेष 15 लाख रुपए अभी तक वापस नहीं किए गए। बार-बार मांग करने पर आरोपियों ने टालमटोल की और अब पैसे देने से साफ मना कर दिया। सिटी थाना एसएचओ गीता रानी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

## हाई वोल्टेज तारों के नीचे नहीं बना सकेंगे मकान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

जिला कैथल में अब अगर किसी भी व्यक्ति ने बिजली की हाई वोल्टेज तारों के नीचे मकान या दुकान बनाए, तो ऐसे लोगों के खिलाफ बिजली निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोटिया ने सभी कार्यकारी अभियंता, उपमंडल अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को आदेश दिए हैं। साथ ही कहा है कि अगर कोई व्यक्ति ऐसे मकान या दुकान बनाते पाया गया, तो निगम की कार्रवाई के साथ-साथ एस व्यक्ति के खिलाफ केस भी दर्ज करवाया जाएगा।

**निगम ने करवाया सर्वे :** बता दें कि निगम की ओर से एक साल पहले अधिकारियों को फील्ड में भेजकर सर्वे करवाया गया था। उस दौरान निगम के पास 306 साइट ऐसी आई थी, जो डेंजर लाइन के नीचे थी। उनमें से 122 ऐसी थी, जो सार्वजनिक स्थानों के ऊपर से थी। उनमें से 121 हो हटा दिया गया। 306 में से 184 मामले ऐसे थे, जो निजी व्यक्तियों के थे। वहां पर लाइनें पहले से थी और उपभोक्ताओं ने उनके नीचे घर बना लिए।

**दी चेतावनी**



बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता सोमवीर भालोटिया ने कहा कि उपभोक्ता ऐसे कार्य न करें। इस प्रकार से तारों के नीचे मकान बनाना अपराध की श्रेणी में आता है। अगर तार के नीचे मकान बनाना पड़े, तो पहले निगम के अधिकारियों को सूचना दें। अपने खर्च पर पहले उसे हटवाएं। अगर इस प्रकार मकान या दुकानें बनाई तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **- सोमवीर भालोटिया**

### 715 ग्राम चरस के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव बुढाखेड़ा से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 715 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सदर थाना सफीदों पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव बुढाखेड़ा निवासी संजय नशीले पदार्थों का कारोबार करता है। वह नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इतंजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संजय को काबू कर लिया।

---

## सीधी भर्ती के विरोध में होगा आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद**

हरियाणा मिनिसट्रियल स्टाफ एसोसिएशन द्वारा रैशनलाइजेशन कमीशन द्वारा सहायकों के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती की सिफारिश के विरोध में आंदोलन करेगे। यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग में नवनियुक्त लिपिको के सम्मान में नागरिक अस्पताल के जिला प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित आपसी मिलन समारोह मे लिया गया। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा मिनिसट्रियल स्टाफ एसोसिएशन के जिला प्रधान राजेश कालीरमण ने की। कार्यक्रम के दौरान विभाग से जुड़े गंभीर एवं ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम मे उपस्थित मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के कर्मचारियों ने रैशनलाइजेशन कमीशन द्वारा सहायकों के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती की सिफारिश को एक स्वर में पूरी तरह गलत, अव्यवहारिक, कर्मचारी विरोधी तथा अन्यायपूर्ण करार दिया।

**कर्मचारियों से एकजुटता का आह्वान**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान से संजीव ढांडा ने कर्मचारियों को एक जुट रहने का संदेश देते हुए 19 जनवरी को कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के लिए किये जा रहे प्रदर्शन में पहुंचने का आह्वान किया और सरकार की गलत नीतियों की आलोचना की। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ हरियाणा के राज्य प्रधान राममेहर वर्मा, रेडियोग्राफर एसोसिएशन से आजाद खटकड़ ने भी अपने विचार रखे और कहा कि रेसलाइजेशन की आड़ में कर्मचारियों के अधिकारों एव पदों में कटौती जनहित मे उचित है।

---

**मुसीबत का सफर** | ओवरलोड होने के कारण वाहनों के पीछे हमेशा बनी रहती है जाम की स्थिति, छोटे वाहन चालकों को होती है सफर में परेशानी

# धुंध में ओवरलोड वाहनों से बढ़ रहा हादसों का खतरा

- ओवरलोड ट्रैक्टरों के टकराने से सड़क की लाइटें हुईं क्षतिग्रस्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन**

नगर और आसपास के मार्गों पर पराली के बंडल लेकर चलने वाले ओवरलोड वाहन आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। आज कल धुंध का मौसम है और इन वाहनों पर कोई रिफ्लेक्टर या लाइट पीछे नहीं लगी होती है। ये वाहन न केवल निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक बोझ लेकर चलते हैं बल्कि उनकी चौड़ाई भी सामान्य वाहनों से अधिक होती है। ऊपर रखे पराली के बंडल कई बार ठीक से बंधे नहीं होते, जिसके कारण चलते समय सड़क पर गिरते रहते हैं और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। इस मामले पर रोहताश सिसोदिया, बंटी सैनी, राजिंदर, अंतर, राजेश, बहादुर, सुरेंद्र, सुरेश, बलराज, सन्नी ने संयुक्त रूप से कहा कि ये ट्रैक्टर चालक पूरी तरह से यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। ओवरलोड होने के कारण इनके पीछे हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है।

ये चालक न तो किसी वाहन को ओवरटेक करने देते हैं और न ही नियमों का पालन करते हैं। अधिकांश ट्रैक्टर कृषि उपयोग के नाम पर पंजीकृत होते हैं और कर में छूट का लाभ लेते हैं, लेकिन वास्तव में इनका इस्तेमाल व्यावसायिक कार्यों के लिए किया जा रहा है। नगर के लोगों ने कहा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना और अधिक बढ़ रही है। नगर वासियों का कहना है कि पहले डिवाइडरों पर पोल लगाकर लाइटें भी लगाई गई थीं, लेकिन चौड़े ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के टकराने से वे भी क्षतिग्रस्त हो गईं। वर्तमान में नगर के डिवाइडरों पर एक भी लाइट कार्यरत नहीं है क्योंकि सभी टूट चुकी हैं।



**कैथल।** सीवन में मेन रोड पर निकल रहे ओवरलोड वाहन। फोटो : हरिभूमि

**ओवरलोड वाहनों पर रोक की मांग**

नगर के लोगों ने मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर तुरंत रोक लगाई जाए। कृषि उपयोग के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के व्यावसायिक उपयोग की जांच की जाए। यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नगर की सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुँचाने वालों से क्षतिपूर्ति वसूली जाए। स्थानीय लोगों की यह भी मांग है कि इन ओवरलोड ट्रॉलियों का नगर से निकलने का समय तय किया जाए। ये वाहन केवल रात में ही चलें और दिन में इनके चलने पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस समस्या पर लगाम नहीं लगाई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## सूर्यदेव के दर्शन होने से राहत

**कैथल।** रविवार को निकली धूप से पिछले एक सप्ताह से जारी कड़ाके की ठंड से राहत मिली है। इस दौरान सुबह आसमान साफ रहा और धूप खिलने से ठंड का असर कम हुआ। धूप निकलने के बाद अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। जबकि न्यूनतम तापमान भी करीब एक सप्ताह बाद 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की धूप निकलते ही लोग घरों से बाहर निकले और पार्कों व खुले स्थानों पर चहल-पहल बढ़ गई।

- अधिकतम तापमान 15 से ऊपर पहुंचा

ठंड से राहत मिलने के कारण बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। हालांकि मौसम विभाग ने आगामी 4 दिनों के दौरान बारिश की संभावना जताई है। बारिश होने की स्थिति में एक बार फिर तापमान में गिरावट आ सकती है और ठंड बढ़ने के आसार हैं। सुबह धूप निकलते ही लोग घरों से बाहर निकलते नजर आए। पार्कों में बच्चों सहित अन्य लोगों की आवाजाही बढ़ गई। खासकर बुजुर्ग और युवा वर्ग सुबह की धूप का आनंद लेते दिखे। लंबे समय से कोहरे और सर्द हवाओं के कारण घरों में सिमटे लोग धूप मिलने से राहत महसूस करते नजर आए। ठंड से कुछ राहत मिलने के कारण शहर के बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ी। दुकानदारों के अनुसार सुबह से ही बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही रही। लोग जरूरी खरीदारी के साथ-साथ धूप में समय बिताते नजर आए।

**हो सकती है बरसात:** कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य विज्ञानी डा. रमेश वर्मा ने बताया कि मौसम को देखते हुए 19 व 23 को बरसात होने की संभावना है। इसके साथ ही ठंड अभी बनी रहेगी।


## एग्री स्टैक' योजना के तहत यूनिक आईडी बनवाएं किसान : डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एग्री स्टैक योजना के तहत किसानों की एक यूनिक फार्मर आईडी बनाई जा रही है। खंड कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, संबधित तहसील तथा विभाग द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एग्री स्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसका उद्देश्य खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी को एक मंच पर लाना है। जिस तरह हर नागरिक की पहचान 'आधार कार्ड' से होती है, उसी तरह 'यूनिक फार्मर आईडी' किसानों की सटीक और पारदर्शी डिजिटल पहचान बनेगी। डीसी अपराजिता ने स्पष्ट किया कि यह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और आधुनिक है।

## खबर संक्षेप

### छात्रा अर्पिता ने जैन संत की बनाई पेंटिंग

**जींद ।** 5वीं कक्षा की छात्रा अर्पिता कौशिक ने गुरू अरूण चंद्र महाराज की सुंदर तस्वीर पेंटिंग से बनाई। अर्पित कौशिक इससे पहले प्रेमानंद महाराज की भी पेंटिंग से फोटो बना चुका है। सुभाष शर्मा कापड़ो ने बताया कि पोती अर्पिता



उचाना में जब गुरू अरूण चंद्र महाराज विराजमान थे तो प्रवचन में परिवार के साथ आई थी। यहां पर उसके मन में पेंटिंग से गुरू अरूण चंद्र महाराज की फोटो बनाने की मन में आई। अर्पिता कौशिक द्वारा बनाई गई इस सुंदर तस्वीर की हर किसी ने तारीफ की। हर बच्चे के अंदर कोई ना कोई प्रतिभा छिपी होती है।

### कालवन, धमतान में बनेंगे जैन आश्रम

**उचाना ।** भगवान महावीर स्वामी का जियो और जीने का संदेश देते हुए धर्म के प्रचार के लिए निकले उत्तर भारत के प्रमुख जैन संतों में शामिल आगम ज्ञाता योगीराज गुरु सुदर्शन की छवि अरुणचंद्र महाराज की प्रेरणा से नरवाना क्षेत्र के कालवन, धमतान गांव में राम श्याम महावीर जैन आश्रम का निर्माण होगा। दोनों जगह पर निर्माण कार्य की नींव ईंट रख कर शुभारंभ गुरु अरुण चंद्र महाराज के सान्निध्य में हुआ। गुरू सेवक परिवार उचाना के प्रधान वीरेंद्र करसिंधु ने बताया कि इससे पहले भी मखंड, बिठमड़ा गांव में राम श्याम महावीर जैन आश्रम के शुभ मुहूर्त हो चुके है। गुरु की प्रेरणा से उचाना में नगर पालिका चेयरमैन विकास काला द्वारा गुरु सुदर्शन द्वार नगर पालिका के माध्यम से बनवाया जाएगा।

### विवेकानंद नगर में मनाया अव्यक्त दिवस

**जींद ।** शहर के विवेकानंद नगर स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र पर रविवार को अव्यक्त दिवस श्रद्धा, शांति एवं आध्यात्मिक के साथ मनाया गया। इस दौरान ब्रह्मा बाबा की अव्यक्त अवस्था को स्मरण करते हुए विशेष योग मेडिटेशन और मौन साधना कराई गई। कार्यक्रम में बीके विजय ने कहा कि अव्यक्त अवस्था अपनाकर ही हम अपने विचारों, संस्कारों और कर्मों को श्रेष्ठ बना सकते हैं। अव्यक्त बनना अर्थात देहाभिमान से मुक्त होकर आत्मिक स्थिति में स्थित रहना, जिससे जीवन में शांतिए पवित्रता और शक्ति का अनुभव होता है।

### खाटू श्याम मंदिर निर्माण ने पकड़ी तेजी

**उचाना ।** शहर के सतसंग भवन के पास खाटू श्याम मंदिर एवं धर्मशाला के निर्माण ने तेजी पकड़ रही है। यहां पर करीब 700 गज में भव्य मंदिर एवं धर्मशाला का निर्माण होगा। बीते दिनों भूमि पूजन समाजसेवी सुशील जैन ने किया था। श्याम भगत विक्की गर्ग ने कहा कि जो खाटू श्याम मंदिर का निर्माण हो रहा है वो काफी सालों के बाद हो रहा है। जमीन तो समिति के पास थी लेकिन निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ था। इस बार फरवरी माह में होने वाले जागरण में कलाकार कन्हैया मित्तल पहुंचेगे। हर किसी को चाहिए कि वो इस निर्माण कार्य में जितना हो सकें, उतना सहयोग करें। दान देने से कभी धन घटता नहीं है।

### पीटीएम में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा

**जींद ।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को पीटीएम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों एवं शिक्षकों ने बच्चों के शैक्षिक, नैतिक तथा व्यक्तिगत विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा की। विद्यालय के प्राचार्य नवीन कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि पीटीएम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन करना तथा उनकी शैक्षिक व व्यवहारिक समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाएं और शिक्षकों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

*जिले के 25 स्कूलों के 276 कमरों की होगी रेनोवेशन*

# 4.96 करोड़ की लागत से व्हाइट वाश व अन्य मरम्मत कार्य होगा



जींद । राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के 25 स्कूलों के 276 कमरों की चार करोड़ 96 लाख आठ हजार रुपये की वहाइटवाश व अन्य मरम्मत कार्य करवाया जाएगा। इसके लिए मौलिक स्कूल शिक्षा निदेशालय ने बजट जारी किया है। इससे एक ओर जहां स्कूल सुंदर दिखाई देंगे, दूसरी ओर विद्यार्थियों को पढने के लिए बढिय़ा वातावरण मिलेगा। जिले के 25 प्राइमरी स्कूलों में से जींद ब्लाक के तीन, नरवाना ब्लाक के सात, उचाना ब्लाक के छह, जुलाना ब्लाक के दो, सफीदों ब्लाक के छह व अलेवा ब्लाक के एक स्कूल में वहाइटवाश होगी। जींद ब्लाक के स्कूलों में 30 कमरों, नरवाना में 70 कमरों, उचाना में 53, जुलाना में 19, सफीदों में 92 और अलेवा ब्लाक में 12 स्कूलों में वाइटवाश होगी। प्राइमरी स्कूलों में विद्यार्थियों के बुनियादी कौशल को मजबूत किया जाता है। यह बच्चों को पढऩा, लिखना और गणित की ठोस समझ प्रदान करती है। जो आगे की शिक्षा के लिए जरूरी है।

| स्कूल का नाम | कमरों की संख्या | राशि |
|---|---|---|
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल डिफेंस कालोनी जींद | 12 | 216000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल जींद जंक्शन | 6 | 108000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल अमरहेड़ी | 12 | 216000 |
| राजकीय प्राइमरी स्कूल जुलाना मंडी | 8 | 144000 |
| राजकीय कन्या माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल मालवी | 11 | 198000 |
| राजकीय प्राइमरी स्कूल खेड़ा खेमावती | 21 | 378000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल पाजू कलां | 8 | 144000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सफीदों | 12 | 216000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सफीदों मंडी | 11 | 198000 |
| राजकीय प्राइमरी स्कूल मुआना | 18 | 324000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल मुआना | 22 | 396000 |
| राजकीय प्राइमरी स्कूल बिघाना | 12 | 216000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी छातर | 18 | 180000 |

| स्कूल का नाम | कमरों की संख्या | राशि |
|---|---|---|
| राजकीय प्राइमरी स्कूल पालवां | 7 | 126000 |
| राजकीय प्राइमरी स्कूल सुरबुरा | 9 | 162000 |
| राजकीय कन्या माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल उचाना मंडी | 5 | 90000 |
| राजकीय प्राइमरी स्कूल लोधर | 10 | 180000 |
| राजकीय कन्या माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल डूमरखा कलां | 12 | 216000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल बेलरखां | 12 | 216000 |
| राजकीय प्राइमरी स्कूल दनौदा कलां | 8 | 144000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल नरवाना | 12 | 216000 |
| राजकीय माडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल मोर पत्ती नरवाना | 9 | 162000 |
| राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल नरवाना वार्ड तीन | 7 | 126000 |
| राजकीय मिडिल स्कूल ढाणी नरवाना | 10 | 180000 |
| राजकीय कन्या प्राइमरी स्कूल उझाना | 12 | 216000 |

## मोतीलाल विद्यालय में दो दिवसीय सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# प्रशिक्षण में गणित को सरल और प्रभावी ढंग से पढ़ाने पर दिया जोर

प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से परिचित कराना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में सीबीएसई की ओर से दो दिवसीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से प्राथमिक कक्षाओं के लिए गणित विषय पर केंद्रित रहा। जिसमें शिक्षकों को गणित को रोचक, सरल और प्रभावी ढंग से पढ़ाने की आधुनिक विधियों की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से परिचित कराना तथा कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक और बाल केंद्रित बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिसमें विद्यालय के सभी प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण



जींद । मोतीलाल स्कूल में प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक।

कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में अच्छरि गर्ग और रवि कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रशिक्षण का मुख्य विषय प्राथमिक कक्षाओं के लिए गणित शिक्षण रहा। अच्छरि गर्ग ने प्राथमिक स्तर पर गणित को सरल, व्यावहारिक एवं आनंददायक बनाने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से यह बताया कि कैसे शिक्षक कक्षा में बच्चों की सहभागिता बढ़ा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को समूहों में बाँटकर कई व्यावहारिक गतिविधियाँ करवाई गईं। इन गतिविधियों में संख्या बोधए जोड़.घटावए गुणा.भागए मापनए आकृतियाँ एवं पैटर्न जैसी अवधारणाओं को सरल तरीके से सिखाने के उपाय शामिल थे। शिक्षकों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। दूसरे सत्र में रिसोर्स पर्सन रवि कुमार ने नवीन शिक्षण विधियों और मूल्यांकन प्रक्रिया पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने बताया कि आज के समय में केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं हैए बल्कि शिक्षकों को नवाचार अपनाने होंगे। उन्होंने डिजिटल टूल्सए समूह कार्यए परियोजना आधारित शिक्षण तथा निरंतर और व्यापक मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रगति को समझने के तरीकों को विस्तार से समझाया।

### मार्ग दर्शन करने वालों का जताया आभार

*प्राचार्य ने रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से शिक्षकों को नई दिशा और प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम के समापन सत्र में शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के नए विचार प्राप्त हुए हैं। जिन्हें वे अपनी कक्षाओं में अवश्य लागू करेंगे। विद्यालय प्रशासन की ओर से रिसोर्स पर्सन अच्छरि गर्ग और रवि कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस प्रकार विद्यालय में आयोजित सीबीएसई प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा बल्कि शिक्षकों के लिए प्रेरणादायी भी सिद्ध हुआ।*

### सीबीएसई की नई शिक्षा नीति से अवगत करवाया

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अच्छरि गर्ग ने बताया कि प्राथमिक कक्षाओं में गणित केवल अंकों तक सीमित न होकर बच्चों के दैनिक जीवन से जुड़ा होना चाहिए। उन्होंने खेल.आधारित शिक्षण गतिविधि.आधारित शिक्षण एवं प्रयोगात्मक विधियों के माध्यम से गणित सिखाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि गणित को डर के बजाय आनंद के रूप में प्रस्तुत किया जाए तो बच्चे स्वाभाविक रूप से इसमें रुचि लेने लगते हैं। श्रीमती अच्छरि ने शिक्षकों को यह भी समझाया कि सीबीएसई की नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण में अवधारणात्मक स्पष्टताए आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान कौशल को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



जींद। फिल्म पांडू पिंडारा का शुभारंभ करते अतिथिगण।

## पांडवों की पावन भूमि पांडु पिंडारा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री पिंडारा का शुभारंभ

जींद। पांडवों द्वारा अपने पूर्वजों का पिंडदान कर मोक्ष प्राप्ति से जुड़ी आस्था की पवित्र स्थली पांडु पिंडारा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को सहेजने के उद्देश्य से निर्मित डॉक्यूमेंट्री फिल्म पिंडारा की शूटिंग का शुभ मुहूर्त रविवार को विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता रूद्राक्ष मिड्ढा, भाजपा नेता योगेश बैरागी, राजकुमार गोयल आदि ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। यह डॉक्यूमेंट्री अखंड पिक्चर्स और सिनेमैटिक हरियाणा के तत्वावधान में बनाई जा रही है। इस अवसर पर हरिओम कौशिक फिल्म अभिनेता व निर्देशक, निशा शर्मा फिल्म निर्माता, सुरेश यादव और आरजे भारद्वाज निर्माता की उपस्थिति रही। फिल्म का संगीत संगीतकार जिले सिंह सोनी द्वारा तैयार किया जाएगा। जो इससे पहले गीता जयंती और माता शीतला जैसी चर्चित धार्मिक परियोजनाओं को अपनी संगीत रचना से जीवंत कर चुके हैं। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रुद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि पांडु पिंडारा जैसे प्राचीन धार्मिक स्थलों को फिल्म माध्यम के जरिए संरक्षित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भाजपा नेता योगेश बैरागी ने कहा कि पिंडारा डॉक्यूमेंट्री जींद जिले की ऐतिहासिक पहचान को एक नया आयाम देगी।

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात के नियम बताए

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई द्वारा 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के तहत सड़क सुरक्षा नियम विषय पर राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवा वर्ग में सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्वयंसेविकाओं ने इस कार्यक्रम के माध्यम से हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचना, मोबाइल फोन का प्रयोग न करना, ट्रैफिक सिग्नलों और जेब्रा क्रॉसिंग का पालन करना तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों के बारे में विस्तार से सीखा। इन नियमों की जानकारी से उन्हें समझ आया कि छोटी-छोटी सावधानियां भी बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी क्रांति द्वारा किया गया।

# राजा सरपंच को कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजा सरपंच कंडेला को जिला उपाध्यक्ष बनाने पर कंडेला खाप ने ऐतिहासिक चबूतरे पर पगड़ी पहना कर मान सम्मान किया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरड़गे, पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद श्री सतपाल ब्रह्मचारी, सह प्रभारी जितेंद्र बघेल, एआईसीसी सचिव प्रफुल्ला गुड़दे और जिलाध्यक्ष रिषिपाल का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश ने की। राजा



जींद। राजा सरपंच को कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बनने पर पगड़ी पहनाते हुए।

सरपंच जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हम एकजुट होकर काम करेंगे। हम पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ेंगे। राममेहर जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि हम जनता के बीच जाएंगे और उनकी समस्याएं सुनेगे और उनका समाधान करने की पूरी पूरी कोशिश करेंगे। हम संगठन को और मजबूत करेंगे। कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे और पार्टी के लिए समर्पित होकर काम करेंगे। पवन दुहन संगठन जिला महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस एक मजबूत और प्रगतिशील पार्टी है और हमें इसे आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करेंगे।

### स्वास्थ्य, सेवा, संस्कार के उद्देश्य से जीएसपी करेगा काम : वीरेंद्र करसिंधु

**उचाना ।** उत्तर भारत के प्रमुख जैन संतों में शामिल अरुणचंद्र महाराज की प्रेरणा से बने जीएसपी (गुरू सेवक परिवार) के सदस्य बनाने के अभियान की शुरूआत की। जीएसपी उचाना प्रधान वीरेंद्र करसिंधु ने कहा कि जीएसपी का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा संस्कार का है। हर गांव से कम से कम पांच शिक्षाविद जो समाज सेवा में कार्य करने में इच्छुक हो उनको जीएसपी के साथ जोड़ा जाएगा। गुरू अरूण चंद्र महाराज की प्रेरणा से बने जीएसपी निरंतर समाज में स्वास्थ्य, सेवा, संस्कार के लिए कार्य करेगा। जरूरतमंदों की मदद के लिए निरंतर तत्पर रहेंगे। जरूरतमंद परिवार जिसका बेटा, बेटी पढ़ाई करने के इच्छुक है लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए पढ़ाई नहीं कर पा रहे है।

# सुप्रीम स्कूल में हुआ अभिभावक और अध्यापक मिलन समारोह

■ सुप्रीम स्कूल में महायोगी गुरु गोरखनाथ की हस्तलिखित परिचय फोटो की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सुप्रीम स्कूल में रविवार को अभिभावक-अध्यापक मिलन कार्यक्रम के अवसर भार्गव ने महायोगी गुरु गोरखनाथ की हस्तलिखित परिचय सहित फोटो भेंट की। इससे पहले गत रविवार को सांसद लोकसभा सोनीपत सतपाल ब्रह्मचारी के जिला स्तरीय सम्मान समारोह में भी भार्गव शर्मा को उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिए सम्मानित किया गया था। सेक्टर आठ जींद निवासी



जींद। चित्र भेंट करते हुए भार्गव। फोटो : हरिभूमि

भार्गव शर्मा अपनी सुंदर लेखन कला द्वारा गौरवशाली भारतीय सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार के लिए सराहनीय कर रहे हैं। वे अपने माता-पिता एवं गुरुजनों प्रेरणा से पिछले कई वर्षों से गौरवशाली भारतीय सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने और घर घर पहुंचाने के लिए छोटा सा प्रयास कर रहे हैं। इस के लिए वे हस्तलिखित चारों वेद का संक्षिप्त परिचय तथा मानव जीवन में वेदों की उपयोगिता और महत्व की जानकारी, वैदिक मंत्र श्लोक अर्थ सहित, देवी देवताओं की आरती एवं मंत्र, भारत माता की वंदना इत्यादि के साथ-साथ ऋषि मुनियों, साधु व संतों और महापुरुषों के फोटों प्रतियां हस्तलिखित संक्षिप्त परिचय सहित निशुल्क दे रहे हैं। इससे अन्य सभी समाज के लोगों को भी प्रेरणा मिलती है ताकि हमारे देश भारत की महान सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार होता रहे।

## भाजपा विधायक देवेंद्र अत्री ने दिया उचाना हलके में इनेलो को बड़ा झटका



**उचाना।** बांगर की राजनीति पिच पर निरंतर उचाना से विधायक बनने के बाद देवेंद्र चतरभुज अत्री धुआंधार बैटिंग कर रहे है। देवेंद्र अत्री ने इनेलो को उस समय उचाना हलके में बड़ा झटका दिया जब 2025 विस चुनाव में इनेलो से उम्मीदवार रहे अलेवा गांव के सरपंच विनोद को भाजपा में शामिल करवाया। पूरे प्रदेश में उचाना हलके का हॉट सीटों में गिनती होती है। यहां की हार-जीत पर सबकी नजर रहती है। इस बार बड़े चेहरों को हरा कर उचाना हलके से देवेंद्र अत्री विधायक बने। अब इनेलो से उम्मीदवार रहे विनोद को भाजपा का फटका पहना कर भाजपा में शामिल कर इनेलो को उचाना में बड़ा झटका देने का काम किया है। अलेवा गांव की गिनती उचाना हलके के बड़े गांव में होती है। विनोद अलेवा गांव से एक तरफ वोट लेकर सरपंच बने। विधायक ने कहा कि सरंपच विनोद एवं उनकी टीम का भाजपा परिवार में स्वागत है। पूरा सम्मान उन्हें दिया जाएगा। ये तो शुरूआत है आने वाले दिनों में विभिन्न दलों के प्रमुख लोग भाजपा का दामन थामेंगे। आज कोई पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह सैनी की देश हितैषी, जन हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहा है। देश में किसी राज्य में विस चुनाव हो, नगर निगम के चुनाव हो वहां पर एनडीए की जीत हो रही है। मतदाता मन बना चुके है कि 2047 तक भाजपा को देशए प्रदेश में सत्तासीन रखेंगे। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। जो उचाना हलके से बड़े परिवार चुनाव लड़ते है उन्हें उचाना हलके के लोग सिर्फ चुनाव में याद आते है। एक साल से अधिक समय हो चुका है ये बड़े चेहरे उचाना में नजर नहीं आए।

**शिविर** | किसान हमारे अन्नदाता जो भगवान से कम नही: देवेंद्र अत्री

कहा, 15 दिन के अंदर होगा समस्याओं का समाधान

# उचाना खुर्द में लगी देशभक्त किसान चौपाल में आई 228 शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना खुर्द गांव में भाजपा के उचाना मंडल के गांव उचाना खुर्द में देशभक्त किसान चौपाल का आयोजन किया। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, जिला प्रभारी मदन लाल गोयल प्रमुख रूप से पहुंचे। आसपास के गांव से पहुंचे ग्रामीणों, किसानों ने अपनी समस्याओं को रखा। करीब तीन घंटे तक चली देशभक्त किसान चौपाल में 228 शिकायत आई। खेतों फैमली आईडी, पीने के पानी से संबंधित शिकायत अधिक रही। कई समस्याओं के समाधान को लेकर मौके पर मौजूद कई विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश देने के साथ-साथ संबंधित विभागों



जींद। देशभक्त किसान चौपाल में समस्याओं को सुनते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। फोटो : हरिभूमि

के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जिन समस्याओं का समाधान उचाना नहीं होगा उनका जींद होगा जिनका जींद नहीं होगा उनका चंडीगढ़ से 15 दिन के अंदर करवाना सुनिश्चित किया गया।

विधायक ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है। मैं किसान का बेटा हूं। किसानों के साथ खड़े रहना हमारा दायित्व है। हरियाणा प्रदेश ऐसा प्रदेश है जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जाती है। आज पूरे देश में किसान हित में अनेकों योजनाएं शुरू की है। देशभक्त किसान चौपाल के जरिये हम किसानों से रूबरू हो रहे हैं। जो समस्याए आती हैं 15 दिन के अंदर समस्या का समाधान होता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंत्तोदय तक जाना है। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को लाभ मिले ये सरकार की सोच है। पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नायब सिंह सैनी ने अंत्तोदय की सोच को साकार करने का काम किया है। आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है ये देश भक्तों की देन है।

2047 का विकसित भारत का जो लक्ष्य है, उसमें उचाना विधानसभा की भूमिका अहम रहेगी। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी गौरव भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष सतीश जांगड़ा, नरेश सौंगरी, संजय चहल, श्रवण मांडी, रमेश राणा, सुरेंद्र खरकभूरा, सतीशो देवी, दीपक बुडायन, सतबीर सरपंच, प्रवीण गर्ग, रणधीर पांचाल, विकास श्योकंद, सत्यवान कौशिक, रमेश अत्री, दलबीर ग्रोवर मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## 'म्हारी सड़क' एप पर शिकायत करें लोगः डीसी

**कैथल।** प्रदेश में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने और आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए हरियाणा सरकार ने तकनीक को अपनाया है। डीसी अपराजिता ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'म्हारी सड़क' एप की जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक खराब सड़कों की शिकायत सीधे सरकार तक पहुँचा सकता है। उन्होंने बताया कि इस एप को विशेष रूप से पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यदि किसी क्षेत्र की सड़क टूटी हुई है या उसमें गड्ढे हैं, तो नागरिक सड़क की लाइव फोटो एप पर अपलोड कर सकते हैं। फोटो के साथ अधिकतम 50 शब्दों में समस्या का संक्षिप्त विवरण दे सकते हैं। एप की खास बात यह है कि इसमें प्रदेश की सभी सड़कों को संबंधित विभागों के साथ मैप किया गया है, जिससे शिकायत सीधे संबंधित अधिकारी तक पहुंचती है।

■ सड़कों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

डीसी अपराजिता ने कहा कि इस व्यवस्था को केवल शिकायत दर्ज करने तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसके समाधान पर भी कड़ा पहरा है। शिकायत का निपटारा होने के बाद विभाग द्वारा एप पर ही समाधान की रिपोर्ट को अपलोड किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की टीम सीधे शिकायतकर्ता से संपर्क करेगी और पूछेगी कि क्या वे समाधान से संतुष्ट हैं।

## गांवों में बुनियादी सुविधाओं व पारदर्शिता को बढ़ावा देगी योजना

*योजनाओं के सही क्रियान्वयन से मिलेगा हर वर्ग को लाभ*

# कार्यशाला में जी राम जी योजना पर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कैथल



**कैथल।** भाजपा की कार्यशाला में भाग लेते प्रदेश संयोजक मदन चौहान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भाजपा जिला कार्यालय कपिल कमल, कैथल में वीबीजी राम जी योजना को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश संयोजक मदन चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। कार्यक्रम संयोजक भाजपा कैथल जिला महामंत्री सुरेश संधू रहे।

कार्यशाला के दौरान योजना के उद्देश्य, लाभ एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं को योजना को गांव-गांव तक पहुंचाने, पात्र लाभार्थियों की पहचान करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का मार्गदर्शन दिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक मदन चौहान ने कहा कि योजना ग्रामीण विकास को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना गांवों में बुनियादी सुविधाओं, पारदर्शिता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इस योजना को सही मायनों में धरातल पर उतारें।

भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ बनाई जाती हैं। योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा और कार्यकर्ता इसमें सेतु की भूमिका निभाएं। कार्यकर्ता बूथ स्तर तक इस योजना के लाभ जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के साथ यदि योजनाओं का सही क्रियान्वयन किया जाए तो समाज के हर वर्ग को उसका लाभ मिल सकता है। कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा से इस योजना को गांवों तक पहुंचाना चाहिए। इस योजना से मजदूर वर्ग को मिलेगा लाभ। पुंडरी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि योजना ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई संभावनाएं खोलेगी। यह योजना गांवों की जरूरतों के अनुरूप बनाई गई है और इससे ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार आएगा।

### ये लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रदेश संयोजक मदन चौहान, भाजपा कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, कैथल जिला प्रभारी अमरपाल राणा, पूंडरी विधायक सतपाल जांबा, पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीश कठवाड़, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना व जसवंत पठानिया, जिला परिषद चेयरमैन कर्मवीर कौल, जिला महामंत्री भाजपा सुरेश संधू व मुनीष शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी हिमांशु गोयल, भीमसैन अग्रवाल, देवेंद्र पांचाल, कैथल जिंदल हाउस इंचार्ज रविन्द्र धीमान, नगर पालिका चेयरमैन व वाइस चेयरमैन, सभी मार्किट कमेटी चेयरमैन और वाइस चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

*4 लाख की सांसद ग्रांट से होगा निर्माण*

## ओम शिव साई स्वर्ग धाम श्मशान घाट में लोहे के शेड का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸। गुहला-चीका


**कैथल।** ओम शिव साई स्वर्ग धाम श्मशान घाट, चीका में लोहे के शेड निर्माण का शुभारंभ करते ट्रस्ट पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

श्री साईं जन कल्याण ट्रस्ट (रजिस्टर्ड), चीका की ओर से ओम शिव साईं स्वर्ग धाम श्मशान घाट, बालबेड़ा रोड, वार्ड नंबर-5 में गेट से लेकर दाह संस्कार स्थल तक लोहे के शेड निर्माण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर-5 प्रतिनिधि, गांव के गणमान्य व्यक्ति तथा ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे। वार्ड -5 के पार्षद प्रतिनिधि ईश्वर रिंपी वाल्मीकि ने बताया कि वर्ष 2014 में नगर पालिका चीका द्वारा स्वर्ग धाम की देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी श्री साईं जन कल्याण ट्रस्ट को सौंपी गई थी। ट्रस्ट तब से अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहा है। यहां लोगों के बैठने के लिए दो सुंदर पार्क, सैकड़ों फूल-पौधे तथा भगवान शिव की प्रतिमा का निर्माण भी ट्रस्ट द्वारा कराया गया है। पार्षद प्रतिनिधि होने के नाते उनका कर्तव्य है कि वे जन सुविधाओं के लिए ट्रस्ट के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें।

ट्रस्ट के संस्थापक नीटू जांगड़ा ने बताया कि ट्रस्ट के निवेदन पर ईश्वर रिंपी के प्रयासों से कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल से 4 लाख रुपये की ग्रांट स्वीकृत करवाई गई है। लोहे के शेड का निर्माण नगर पालिका चीका द्वारा ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है। ठेकेदार अश्विनी कुमार ने बताया कि 90* 22 फीट के शेड का निर्माण किया जा रहा है और उनका प्रयास रहेगा कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न रहे, ताकि भविष्य में लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। वार्ड नंबर-1 के पार्षद सुखबीर सिंह काला पहलवान और वार्ड नंबर-3 के पार्षद प्रतिनिधि काली ने भी ट्रस्ट को आश्वासन दिया कि भविष्य में जब भी कोई टेंडर लगेगा, उसमें उनका पूरा सहयोग रहेगा। ग्रामीणों ने कहा कि जब से ट्रस्ट ने धाम की जिम्मेदारी संभाली है, तब से जनता के लिए सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी हुई है।

### लोगों को मिलेगी सुविधा

ट्रस्ट के उपप्रधान मियां सिंह ने बताया कि भविष्य में श्मशान घाट में और भी जनहित के कार्य करवाए जाएंगे। जल्द ही प्रस्तावित कार्यों की सूची नगर पालिका चीका के पार्षदों और अध्यक्ष सचिव को सौंपी जाएगी। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसका लोकार्पण सरकार के प्रतिनिधि से करवाया जाएगा। इस मौके पर सलाहकार साहब सिंह, डॉ. अजमेर सिंह, श्रीचंद प्रजापति, रमेश , बलकार सिंह करी, पलाराम आदि मौजूद रहे।

## माधव कमेटी ने की मृतक गोवंश दबाने को भूमि उपलब्ध करवाने की मांग



**राजौंद।** शहर के जींद रोड पर केशव माधव गांव कमेटी के सदस्यों ने मृत गोवंश को जमीन में दबाने के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की मांग की है। इस बारे अमन राणा, संदीप राणा व उपप्रधान सतपाल मित्तल ने बताया कि कई बार एक्सीडेंटल गोमाता का इलाज के दौरान गौशाला में निधन हो जाता है। इसके अलावा कई बार सर्दी के कारण भी गौवंश की मृत्यु हो जाती है। उन्होंने बताया कि मृत गोवंश को जमीन में दबाने के लिए कहीं भी जगह उपलब्ध नहीं है,जिससे बहुत परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि इस बारे वह नगर पालिका प्रशासन से भी मांग कर चुके है।

*पौधरोपण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ*

## डीएवी कॉलेज पूंडरी में एनएसएस कैंप के चौथे दिन भ्रष्टाचार मुक्त भारत पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पूंडरी



**पूंडरी।** कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ आनंद कुमार को सम्मानित करते हुए डॉ विश्वजीत व अन्य।

डीएवी कॉलेज पूंडरी में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चतुर्थ दिन कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण समिति पूंडरी के प्रेस सचिव संजय तलवार ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया।

संजय तलवार ने अपने व्याख्यान में कहा कि आज का समय पहले से काफी बदल चुका है। जो विद्यार्थी मेहनती हैं, उनके लिए सरकारी नौकरियों में अनेक अवसर उपलब्ध हैं। विद्यार्थी लगन और परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा लोकपाल विधेयक लाकर लोकपाल की नियुक्ति करना भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में डॉ. आनंद कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

### युवाओं को किया प्रेरित

उन्होंने एनएसएस के उद्देश्य और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रेरित किया। एनएसएस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनाने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीतों पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विश्वजीत सिंह ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से शिविर की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

*कार्डियक हेल्थ पैकेज रहा अत्यंत लोकप्रिय*

## उजाला सिग्नस सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल में लगाया इन-हाउस स्वास्थ्य शिविर, मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कैथल


**कैथल।** उजाला सिग्नस अस्पताल में शिविर के शुभारंभ पर पहुंचे अतिथिगण।

उजाला सिग्नस सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल द्वारा एक भव्य इन-हाउस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसे शहरवासियों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त हुआ। इस शिविर का मुख्य आकर्षण निःशुल्क ओपीडी के साथ-साथ कार्डियक हेल्थ पैकेज एवं लिवर हेल्थ पैकेज रहा। शिविर का आयोजन अस्पताल के यूनिट हेड रोहित मेहता व प्रबंधक विकास सिंदुरिया के नेतृत्व में किया गया।

शिविर के दौरान लगभग 300 मरीजों ने ओपीडी सेवाओं का लाभ उठाया। विशेष रूप से 499 मूल्य वाला कार्डियक हेल्थ पैकेज लोगों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहा, जिसे कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी अपनाया। इस पैकेज की व्यापक स्वीकार्यता ने अस्पताल की निवारक स्वास्थ्य सेवाओं पर लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाया।

शिविर को मिली अभूतपूर्व प्रतिक्रिया को देखते हुए अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. गौरव जैन ने जानकारी दी कि कार्डियक एवं लिवर हेल्थ पैकेज दिसंबर 2026 तक उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग समय

### ये लोग रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व सरपंच अमरेंद्र सिंह खारा एवं उनके सहयोगी, नीमा सदस्य डॉ. बी. के. मक्कड़ एवं डॉ. राजेंद्र ठुकराल, वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद खुरानिया, वरिष्ठ नागरिक नरेंद्र निझावन एवं वी. के. चावला, तथा पंजाबी वेलफेयर सभा के प्रधान सुषम कपूर, संजय सेतिया, सतिंदर कत्याल एवं सुरेंद्र अरोड़ा उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों ने उजाला सिग्नस अस्पताल की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में भी ऐसे जन-स्वास्थ्य उन्मुख कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।


**कैथल।** सांसद रणदीप सुरजेवाला नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौपते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव और जिला प्रवक्ता की हुई नियुक्ति

**कैथल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कैथल जिला कांग्रेस कमेटी में संगठन को मजबूत करने की दिशा में लगातार दूसरा दिन महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज जिला उपाध्यक्ष, जिला महासचिव और जिला प्रवक्ता पदों पर नई नियुक्तियां की गईं। जिला उपाध्यक्ष के रूप में साहब सिंह विर्क डेरा गदला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, जिला महासचिव पद पर रामकुमार बंसल को नियुक्त किया गया है। जिला प्रवक्ता के पद पर राजपाल आर्य (क्योडक), राजीव गुप्ता, विवेक गुप्ता, जोगिन्द्र सैनी, डॉ. श्याम शाहनी, अनिल गुर्जर बलवंती और कुलदीप धारीवाल को शामिल किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने किसान भवन में एकत्र होकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला का विशेष आभार व्यक्त किया।

*28 जनवरी को होगा सम्मेलन का आयोजन*

## इनेलो युवा सम्मेलन को लेकर सलिंद्र प्रताप राणा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कलायत


**कलायत।** कलायत में आयोजित बैठक को संबोधित करते इनेलो नेता सलिंद्र प्रताप राणा।

28 जनवरी को कैथल स्थित आरकेएम फार्म परिसर में आयोजित होने वाले इनेलो युवा सम्मेलन को लेकर रविवार को प्राचीन कपिल मुनि सरावेर तट पर स्थित भगवान विश्वकर्मा वाटिका में इनेलो की बैठक हुई। इसकी रहनुमाई इनेलो किसान प्रकोष्ठ जिला चेयरमैन सलिंद्र प्रताप राणा ने की। बैठक में मुख्य रूप से युवा जिला अध्यक्ष देवेंद्र पुजारी, जिला संयोजक मोनी बालू, हलका प्रधान काला प्योदा, किसान मोर्चा के हलका अध्यक्ष राजबीर ढुल, शमशेर कुराड़, रणबीर फौजी, करतार बालू, हुक्म सिंह राणा, सोनू नंबरदार, रोहित कुंडू व दूसरे पदाधिकारियों की मौजूदगी में सम्मेलन की तैयारियों, युवाओं की भागीदारी और कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सेलेंद्र प्रताप राणा ने बताया कि इस युवा सम्मेलन में इनेलो के युवा नेता करण चौटाला मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जबकि इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को संगठन से जोडने और उनकी आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मोनी बालू ने युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे शिक्षा, रोजगार, नशा मुक्ति और संगठन में सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की। देवेंद्र पुजारी ने अधिक से अधिक युवाओं तक सम्मेलन की जानकारी पहुंचाने और उन्हें कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि युवा ही संगठन की असली ताकत हैं और उनकी सक्रिय भूमिका से ही बदलाव संभव है। युवा इनेलो सम्मेलन युवाओं को एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। वे अपने मुद्दे खुलकर रख सकेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 28 जनवरी के इनेलो युवा सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।


**कैथल।** पूंडरी में आयोजित यज्ञ में आहुति डालते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## जीवन से मुक्ति का मार्ग है संगम स्नानः आचार्य

■ श्री गायत्री महायज्ञ में माघ मास स्नान का महात्म्य बताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पूंडरी

पूंडरी के श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रहे श्री गायत्री महायज्ञ एवं माघ महात्म्य कथा के दौरान आचार्य पंडित मानसू भारद्वाज ने श्रद्धालुओं को माघ मास के अद्भुत पुण्यफल का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने दत्तात्रेय जी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि हे राजन्! प्रजापति ब्रह्मा ने पापों के नाश के लिए माघ मास में प्रयाग तीर्थ की उत्पत्ति की। गंगा व यमुना के पावन संगम में माघ मास में किया गया स्नान मनुष्य को जन्म-मरण के बंधन से मुक्त कर देता है और गर्भ योनि में पुनः प्रवेश नहीं होता। माघ मास में प्रयागराज में स्नान करने से मनुष्य समस्त भोगों को भोगकर ब्रह्मपद को प्राप्त करता है। माघ मास तथा मकर राशि में सूर्य के समय प्रयाग में स्नान करने वाले के पुण्यों की गणना स्वयं चित्रगुप्त भी नहीं कर सकते। उन्होंने बताया कि सौ वर्ष तक निराहार रहकर जो पुण्य प्राप्त होता है, वही फल माघ मास में स्नान, दान, जप, तप तथा माघ महात्म्य सुनने और तीन बार प्रयाग में स्नान करने से प्राप्त होता है। जो फल सौ वर्ष तक योगाभ्यास से मिलता है, वही माघ स्नान से सहज रूप में मिल जाता है।

कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जैसे सर्प पुरानी कांचली को छोड़कर नया रूप धारण करता है, वैसे ही माघ मास में स्नान करने से मनुष्य अपने पापों को त्याग कर स्वर्ग को प्राप्त होता है। त्रिवेणी संगम को ही अमृत कहा गया है। माघ मास में ब्रह्मा, शिव, रुद्र, आदित्य, मरुतगण, गंधर्व, लोकपाल, यक्ष, किन्नर, अप्सराएं, देव पत्नियां, नागों की स्त्रियां तथा समस्त पितृगण स्नान हेतु प्रयाग आते हैं।

### मंदिर हुआ भक्तिमय

आचार्य मानसू भारद्वाज ने कहा कि माघ मास में प्रयाग स्नान से प्राप्त फल की महिमा का गान करना संभव नहीं है। हजारों अश्वमेघ यज्ञ करने से भी इतना पुण्य प्राप्त नहीं होता। उन्होंने कांचन मालिनी की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व काल में उसने इस स्नान का फल एक राक्षस को दिया, जिससे वह पाप मुक्त हो गया। इस पावन यज्ञ में रामपाल सिंगला ने परिवार सहित मुख्य यजमान के रूप में भाग लेकर आहुति अर्पित की। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और धार्मिक वातावरण से संपूर्ण मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा।

**कार्यक्रम** 19 से 27 जनवरी तक रहेगा आस्था का महाकुंभ

# कलश यात्रा के साथ शत चंडी महायज्ञ का भव्य शुभारंभ

■ माता के जयकारों के साथ शहर की गलियों से गुजरी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। पूंडरी


**कैथल।** कलश यात्रा के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र में धर्म, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब शत चंडी महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। ढोल-नगाड़ों, मंत्रोच्चारण और माता के जयकारों के बीच निकली कलश यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा भाव से यात्रा में भाग लिया, जबकि पुरुष श्रद्धालु भी पूरे उत्साह के साथ साथ चलते नजर आए। आयोजकों के अनुसार शत चंडी महायज्ञ 19 जनवरी से 27 जनवरी तक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा। इस महायज्ञ का आयोजन जनकल्याण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि, पारिवारिक शांति और नकारात्मक शक्तियों के निवारण के उद्देश्य से किया जा रहा है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, हवन, पाठ और विशेष अनुष्ठान होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आज यह आयोजन अष्ट कौशल महंत सत्य चेतन पूरी जी महाराज के आशीर्वाद से संपन्न हुआ। म प्रधान संजीव वालिया ने बताया कि 19 जनवरी को प्रातः 10 बजे मंडप प्रवेश कराया जाएगा, जिसके बाद 19 से 27 जनवरी तक नियमित रूप से पूजन, हवन और धार्मिक क्रियाएं संपन्न होंगी। महायज्ञ का समापन 27 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा।

### आमजन से की यज्ञ में आहूति की अपील

कलश यात्रा और प्रारंभिक पूजा-अर्चना के अवसर पर सचिव सुरेंद्र वालिया, उपाध्यक्ष नरेश वालिया, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, बोबी वालिया, डा. अनिल वालिया तथा लवली ज्वैलर्स के एम.डी. रवि वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे क्षेत्र के लिए सौभाग्यशाली बताया। धार्मिक अनुष्ठानों में पुजारी संजीव शर्मा, कपिल शर्मा, सुदामा शास्त्री, पंडित विनोद शर्मा, प्रदीप शर्मा जंगी और रिंकू शर्मा सेवा में उपस्थित रहे। उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को धर्म लाभ प्रदान किया। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यज्ञ में आहुति अर्पित करें, माता का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं। पूरे कस्बे में महायज्ञ को लेकर विशेष उत्साह और धार्मिक माहौल बना हुआ है।



## पूर्व सैनिकों ने सोमनाथ को दी श्रद्धांजलि

**कैथल।** भारतीय नौसेना में 15 वर्ष तक अपनी सेवा समुद्री तटो पर देने के बाद हरियाणा कृषि आधारित उद्योगों में अपनी सेवा देकर सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देते रहे पीओएमआई सोमनाथ ने हृदय गति रुकने से करण 80 वर्ष की आयु में आखरी सांस ली। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल ने कानोगो मोहल्ला नजदीक प्रताप गेट वाल्मीकि गली में उनके निवास स्थान पर पहुंचकर जवान सोमनाथ के पार्थिव शरीर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा ओढाया गया।

## खबर संक्षेप

### वाजपेयी का श्रद्धांजलि गीत हुआ रिलीज

**नरवाना।** देश के 10वें प्रधानमंत्री स्वण्अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृतियों को संजो कर लिखे गए श्रद्धांजलि गीत को श्री राधेश्याम गौशाला नरवाना के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने कर कमलों से रिलीज किया। गौरतलब है कि इस वर्ष को अटल जी के शताब्दी समारोह वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। डा. जगदीप शर्मा ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन चरित को एक श्रद्धांजलि गीत के रूप में लिखा है, जिसे उन्होंने गाया भी स्वयं ही है।

### 28 के जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का दिया न्योता

**राजौंद।** राजौंद में इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सोनू वर्मा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में मैन बाजार रामलीला चौक में आयोजित की गई। बैठक में 28 जनवरी को जिला स्तरीय युवा सम्मेलन को लेकर युवाओं से आह्वान किया गया। सोनू वर्मा ने कहा कि 28 जनवरी को कैथल के आरकेएम पैलेस में जिला स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें करण चौटाला युवाओं को संबोधित करेंगे।

### मौनी अमावस्या आत्मसंयम की साधना का पर्व

**सीवन।** मौनी अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री सनातन धर्म मंदिर के आचार्य महेश शर्मा ने कहा कि मौनी अमावस्या भारतीय परंपरा में आत्मचिंतन, संयम और मानसिक शुद्धि का विशेष पर्व माना जाता है। यह तिथि व्यक्ति को अपने जीवन को संतुलित करने की प्रेरणा देती है। मौनी अमावस्या का मूल संदेश मन, वाणी और कर्म में शांति स्थापित करना है। मौन केवल बोलने से विरत रहने तक सीमित नहीं, बल्कि यह विचारों की स्पष्टता का माध्यम भी है।

### छात्रवृत्ति लंबित मामलों पर एबीवीपी का कड़ा रुख

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद इकाई ने हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी छात्रवृत्ति एससी एवं अन्य वर्ग से संबंधित रिमाइंडर पत्र का संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अध्यक्ष राहुल ने बताया कि निदेशालय द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की छात्रवृत्ति से जुड़े अनेक आवेदन अभी तक एल 1 एवं एल 2 स्तर पर लंबित हैं।

### पीएम बिजली योजना का लाभ उठाएं नागरिकः डीसी

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं ।

# गुप्त नवरात्रो के शुभारंभ से पहले माता के जयकारों से गूंजा शहर
# जयंती देवी मंदिर में शतचंडी यज्ञ से पहले निकाली गई कलश यात्रा

**मां की कृपा से होता है हर दुख का निवारण : वृंदा शर्मा**

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

मानव कल्याण एवं सुख समृद्धि के लिए गुप्त नवरात्रों के पावन अवसर पर शहर के प्रसिद्ध जयंती देवी मंदिर में 19 जनवरी से प्रतिदिन होने वाले सवा लाख नवार्ण मंत्र शतचंडी पाठ एवं यज्ञ के शुभारंभ से पहले रविवार दोपहर बाद भव्य क्लश यात्रा निकाली गई। मां की भक्ति में रमी सैकड़ों महिला श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुई। रानी तालाब स्थित भूतेश्वर मंदिर से इस कलश यात्रा को प्रमुख समाज सेविका वृंदा शर्मा ने झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री के सानिध्य में सैंकड़ों महिला श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस मौके मुख्यमंत्री की मीडिया कॉर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, शिक्षाविद शिव नारायण शर्मा, सुनील सांडिल्य, रोहित गोयल, महेश सिंगला, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र बतरा, विशाल कामरा, सागर कौशिक आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

## 31 जनवरी को नवरात्रों के समापन पर मंदिर में 11 हजार कन्याओं का होगा पूजन

**जयंती देवी के नाम पर है शहर का नाम**

पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने कहा कि जयंती देवी मंदिर का जींद के लिए बड़ा महत्व है। क्योंकि इस मंदिर के नाम से ही शहर का नाम जींद पड़ा है। क्लश यात्रा मंदिर में पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने भव्य भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में शामिल होने से मन को जिस आनन्द की अनुभूति होती हैं। उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने इस अवसर पर बताया कि 31 जनवरी को गुप्त नवरात्रों के समापन कार्यक्रम में मंदिर में 11 हजार कन्याओं का पूजन होगा।

**यात्रा को मुख्यतिथि ने दिखाई हरी झंडी**

मुख्यातिथि वृंदा शर्मा ने यात्रा को झंडी दिखाने से पहले कहा कि मानव कल्याण और सुख, समृद्धि के लिए शतचंडी पाठ एवं यज्ञ का अहम महत्व है। उन्होंने कहा कि मां की कृपा से हर दुख का निवारण होता है। इस तरह के आयोजनों से सामाजिक कुरीतियां तो दूर होती है।



जींद। कलश यात्रा को झंडी दिखाते मुख्यतिथि वृंदा शर्मा।

## आज से शुरू होंगे माघ मास के गुप्त नवरात्र



श्याम लाल कौशिक।

**उचाना।** देवभूमि बनभौरी स्थिति माता भ्रामरी शक्तिपीठ पुजारी श्याम लाल कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म में माघ नवरात्र को शक्ति उपासना का विशेष काल माना गया है। वर्ष 2026 में माघ मास के गुप्त नवरात्र का आरंभ 19 जनवरी से होगा। यह काल विशेष रूप से दस महाविद्याओं की साधना से जुड़ा माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गुप्त नवरात्र में देवी दुर्गा के प्रकट स्वरूपों के साथ-साथ उनके गूढ़ और रहस्यमय रूपों की उपासना का महत्व बढ़ जाता है। दस महाविद्याएं शक्ति के विभिन्न स्वरूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं और इन्हें ज्ञान, वैराग्य, संरक्षण और मोक्ष से जोड़ा जाता है। यही कारण है कि माघ नवरात्र को उन्होंने बताया कि साधना और आत्मिक जागरण का समय कहा गया है। साल की शुरुआत में माघ और चैत्र नवरात्र दोनों जनवरी और मार्च की 19 तारीख से आरंभ होंगे। वहीं साल के उत्तरार्ध में आषाढ़ और शारदीय नवरात्र पिछले वर्ष की तुलना में 18 दिन की देरी से होंगे। नवरात्र के पहले दिन घट स्थापना का विशेष महत्व है। इस साल कलश स्थापना के लिए दो-दो शुभ समय मिल रहे हैं। जिसमें पहला प्रातः काल शुभ मुहूर्त सुबह 7:13 के लगभग शुरू होकर सुबह 10:49 तक होगा।

## मेले में श्रद्धालुओं ने की खरीददारी, पुलिसबल रहा तैनात

# मौनी अमावस्या पर स्वार्थ सिद्धि योग में श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान

**पवित्र सरोवर में डुबकी लगा कर की मोक्ष की कामना**

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

पांडू पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर रविवार को मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान किया तथा पिंडदान करके करके तर्पण किया। इस बार मौनी अमावस्या पर स्वार्थ सिद्धि योग बना। जो श्रद्धालुओं के लिए बेहद लाभकारी रहा। ऐतिहासिक पिंडतारक तीर्थ पर शनिवार को शाम से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था और पूरी रात धर्मशालाओं में सत्संग तथा कीर्तन आदि का आयोजन चलता रहा। रविवार को तड़के से ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में स्नान तथा पिंडदान शुरू कर दिया जो मध्यान्ह के बाद तक चलता रहा। इस मौके पर दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया तथा सूर्य देव को जलार्पण करके सुख समृद्धि की कामना की। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि पिंडतारक तीर्थ के संबंध में किदवंती है कि महाभारत युद्ध के बाद पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पांडवों ने यहां 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में तपस्या की। बाद में सोमवती अमावस के आने पर युद्ध में मारे गए परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया। तभी से यह माना जाता है कि पांडु पिंडारा स्थित पिंडतारक तीर्थ पर पिंडदान करने से पूर्वजों को मोक्ष मिल जाता है। महाभारत काल से ही पितृ विसर्जन की अमावस्या, विशेषकर सोमवती अमावस्या पर यहां पिंडदान करने का विशेष महत्व है। यहां पिंडदान करने के लिए विभिन्न प्रांतों के लोग श्रद्धालु आते हैं। ठंड व धुंध के बीच सुबह ही श्रद्धालुओं का आवागमन तीर्थ पर शुरू हो गया। तीर्थ पर पुलिसकर्मी पूरा दिन तैनात रहे। महिला घाटों पर महिला पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाई गई थी। घाटों पर आटे के पिंडों के कारण फिसलन पैदा न हो, इसको ध्यान में रखते हुए घाटों पर पिंड डालने के लिए विशेष व्यवस्था रही। वाहनों की आवाजाही को सुगम बनाए रखने के लिए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था की तरफ पुलिस प्रशासन ने विशेष ख्याल रखा।

**महाभारत युद्ध के बाद पांडवों ने 12 वर्ष तक सोमवती अमावस्या की प्रतीक्षा में की थी तपस्या**



जींद। पिंडारा तीर्थ पर स्नान करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



जींद। पिंडारा तीर्थ पर पिंडदान करवाते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**मेले में श्रद्धालुओं ने की खरीददारी**

पिंडारा तीर्थ पर अमावस्या पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने जमकर खरीददारी भी की। तीर्थ पर जगह-जगह लोगों ने सामान बेचने के लिए फड़े लगाई हुई थी। जिस पर बच्चों तथा महिलाओं ने खरीददारी की। बच्चों ने जहां अपने लिए खिलौने खरीदे तो वहीं बड़ों ने भी घर के लिए सामान खरीदे।

**अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित : नवीन**

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित हैं। इस दिन स्नान दान और पितरों के नाम से तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। मौनी अमावस्या पर पितर अपने वंशजों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। ऐसे में उनके नाम से किया गया दान पुण्य व्यक्ति को कई गुना अधिक फल देता है। इस दिन किए गए पितरों के नाम से दान, पुण्य और तर्पण से पितरों का आशीर्वाद हमेशा परिवार के सदस्यों पर बना रहता है।



जींद। रंगकर्मी रमेश को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नाट्य शास्त्र समाज को देता है सही दिशा
# थिएटर आर्टिस्ट रमेश मूर्ति को कौशल श्री सम्मान से नवाजा

- भरतमुनि की नाट्य परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं रंगकर्मी : राजन चिल्लाना

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

वेद नगर स्थित मिढ़ा अस्पताल परिसर में सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी द्वारा कौशलश्री सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह सम्मान अखिल भारतीय स्तर पर कला के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने वाले थिएटर आर्टिस्ट रमेश मूर्ति को प्रदान किया गया। संस्था द्वारा यह सम्मान राजन चिल्लाना, प्रतिनिधि उपाध्यक्ष हरियाणा विधानसभा से प्रदान किया गया। इस अवसर पर राजन चिल्लाना ने कहा कि भारतीय नाट्य परंपरा के जनक भरतमुनि द्वारा प्रतिपादित नाट्य शास्त्र आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। रमेश मूर्ति जैसे कलाकार उसी परंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। रमेश मूर्ति अपने नाट्य अभिनय के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए समाज में नवचेतना का संचार कर रहे हैं। वे पारंपरिक भारतीय कला और रंगमंच को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य भी निरंतर कर रहे हैं।

**रंगमंच देता है शक्ति**

संस्था के अध्यक्ष दीपक कौशिक ने कहा कि नाट्य विधा कला का एक जीवंत और प्रभावशाली स्वरूप है। जो सदियों से भारतीय कला जगत का अभिन्न हिस्सा रही है। रंगमंच समाज को सोचने और बदलने की शक्ति देता है। सोल एंड स्पिरिट आर्ट सोसाइटी पर्यावरण संरक्षण, बच्चों की शिक्षा तथा कला व साहित्य के प्रसार हेतु निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष सुमित, नरेंद्र, प्रतिभा सहित अनेक कला प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खेल नर्सरी में युवाओं ने किया योग

- योग करने शरीर पहले के मुकाबले और अधिक होगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

जुलाना क्षेत्र के रामराये गांव की खेल नर्सरी में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खेल विभाग और योग भारती हरियाणा शाखा रामराये संगीत कुमार ढुल योग भारती हरियाणा शाखा संचालक और आयुष विभाग की ओर से किया गया। खेल विभाग से राम कोच, कैप्टन सुनील ढुल, राजेश ढुल, सुनील ढुल ने मिल कर पूर्ण मंत्रोच्चार उच्चारण के साथ तीन दिवसीय सूर्य नमस्कार अभियान का आगाज किया।



जुलाना। रामराये गांव में योग करते युवा। फोटो : हरिभूमि

**योग हमारी संस्कृति की पहचान : संगीत**

इस अभियान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला और जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा के दिशा निर्देश में सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया गया। योग सहायक संगीत कुमार ने कहा कि योग हमारी संस्कृति की पहचान है। आज के युग में योग को अन्य देशों के लोग भी अपना रहे हैं। योग करने से अनेकों बीमारियां कट जाती है और शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है।

# सरकार के खिलाफ दोबारा लामबंद हुए सरपंच

- गतौली में हुई सरपंचों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭जुलाना

जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव में सरपंच एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के अनेक गांवों के सरपंचों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान सुधीर बुआना ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सरकार की नीतियों और ग्राम पंचायतों से जुड़े नए कानूनों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सुधीर बुआना ने कहा कि वर्तमान सरकार गांवों के विकास को बढ़ावा देने के बजाय विकास कार्यों में रोड़ा अटकाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हाल ही में लाया गया नया कानून पूरी तरह से अव्यवहारिक है, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि गांव की कुल आबादी का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा ग्राम सभा में मौजूद होगा। तभी उसे मान्य ग्राम सभा माना जाएगा और विकास कार्यों को मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इतने लोगों का एक साथ ग्राम सभा में उपस्थित होना बेहद कठिन है। सुधीर बुआना ने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझ कर सरपंचों और पंचायतों पर नए.नए कानून थोप रही हैए ताकि विकास कार्यों की गति को धीमा किया जा सके। इस मौके पर सरपंच महेंद्र लाठर, सोल्जर, रोहताश, गोविंद, नरेश, चाप सिंह, संदीप, सतीश नैन, कुलदीप, नरेश आदि मौजूद रहे।



जुलाना। बैठक में भाग लेते सरपंच। फोटो : हरिभूमि

**अधिकारों की कटौती**

उन्होंने कहा कि सरपंचों को जनता द्वारा चुना जाता है और वे गांव के विकास के लिए दिन.रात काम करते हैंए लेकिन सरकार उनके अधिकारों में कटौती कर रही है। इससे न केवल पंचायत प्रतिनिधियों का अपमान हो रहा है बल्कि ग्रामीण जनता भी विकास से वंचित हो रही है। इस तरह के नियमों से गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों पर असर पड़ेगा। सरपंचों ने कहा कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो सरपंच एसोसिएशन प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

# कबड्डी विजेताओं को किया सम्मानित



उचाना। विजेता टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

- पानीपत के समालखा में 11 से 16 जनवरी तक हुआ था आयोजन

**उचाना।** एसजीएफआई अंडर 19 की 69वीं नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पानीपत के समालखा में 11 जनवरी से 16 तक हुआ।

प्रतियोगिता में स्वामी गणेशानंद ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां विद्या भारती की टीम ने पूरे भारत स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम ने असम, पश्चिम बंगाल व केरल से मैचों में एकतरफा जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश को 34-29 के अंतर से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम को स्कूल प्रांगण में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक विनोद वशिष्ठ, डीएड प्रधानाचार्य धर्मवीर, प्रशासक वाइएस कादियान, प्रधानाचार्य रणधीर शास्त्री मौजूद रहे।

## ग्रामवासी कड़कती ठंड के मौसम में जूते-चप्पल उतारकर चलने को मजबूर

# रामगढ़ पांडवा में तालाब ओवरफ्लो पंच ने ग्रामीणों के साथ मिलकर खोला मोर्चा

**गंदा पानी गांव की मुख्य सड़क और गलियों में जमा होने से आमजन दुखी**

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत के गांव रामगढ़ पांडवा के वार्ड 11 का मुख्य मार्ग लंबे समय से सीवरेज का नाला बनी है। तालाब के ओवरफ्लो होने एवं सीवरेज का गंदा पानी सडक़ों पर भरने से ग्रामीण बेहद परेशान हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर खुद ग्राम पंचायत के पंच बृज लाल ने ग्रामीणों के साथ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कलायत उप मंडल एसडीएम को शिकायत भेजते हुए समस्या से अवगत करवाया है। साथ ही सीएम विंडो पर शिकायत की। पंच बृज लाल ने बताया कि तालाब में सीवरेज का गंदा पानी लगातार डाला जा रहा है। जिसके कारण गंभीर हालात गांव में पैदा हो रहे हैं। गंदा पानी गांव की मुख्य सडक़ एवं गलियों में फैलकर जमा हो गया है। इस स्थिति के कारण सडक़ें पूरी तरह गंदे पानी से लबालब हो गई हैं,गंदे पानी से दुर्गंध फैल रही, संक्रामक बीमारियों के फैलने का बड़ा कारण पैदा हो रहा है, ठंड के मौसम में भी ग्रामीणों को जूते-चप्पल उतारकर गंदे पानी में से होकर निकलना पड़ रहा है, और इसका बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए इस समस्या को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से तालाब से ओवरफ्लो हो रहे सीवरेज युक्त गंदे पानी की तत्काल निकासी सुनिश्चित हो।



कलायत। गांव रामगढ़ में जलभराव की समस्या को लेकर रोष जाहिर करते ग्रामीण।

**समस्या का होगा निवारण**

एसडीएम अजय हुड्डा के अनुसार पंचायत विभाग को समस्या निवारण के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। शासन-प्रशासन जन समस्या निवारण को लेकर सजग है।